# सक्सेस मिरर

वर्ष : 8
अंक : 86
मार्च : 2017

सफलता का कैप्सूल

Visit us at : www.pdgroup.in


## इस अंक में...


7 | परिवर्तनों को स्वीकारने में जो है तत्पर उसे भला हराने में कौन हो सकेगा सफल ?

8 | समसामयिकी घटना संग्रह

10 | समसामयिकी संक्षिप्तकियाँ

19 | आर्थिक घटना संग्रह

- आरबीआई ने पेटीएम को पेमेंट बैंक खोलने की मंजूरी प्रदान की
- केन्द्र सरकार ने आयकर नियमों में संशोधन किया
- सेबी ने विलय सम्बन्धी मानदंडों को और कड़ा किया
- केन्द्र सरकार ने कृषि ऋण पर ₹ 600 करोड़ का ब्याज माफ किया

23 | राष्ट्रीय घटना संग्रह

- जम्मू–कश्मीर विधान सभा ने कश्मीरी पण्डितों की वापसी हेतु प्रस्ताव पारित किया
- वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन
- मनरेगा में रोजगार के लिए आधार कार्ड जरूरी

28 | अन्तर्राष्ट्रीय घटना संग्रह





- भारत और यूएई के मध्य 14 समझौतों पर हस्ताक्षर
- भारत और वियतनाम के मध्य सामरिक क्षेत्र में समझौता
- अमरीकी सेना ने सिखों को पगड़ी पहनने की इजाजत दी
- पाकिस्तान की संसद ने हिन्दू विवाह बिल को स्वीकृति प्रदान की

31 | खेल खिलाड़ी

- धोनी वनडे अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 200 छक्के लगाने वाले विश्व के पाँचवें बल्लेबाज





- भारत ने इंगलैड से तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीती
- सानिया मिर्जा ने ब्रिस्बेन महिला युगल खिताब जीता
- फीफा विश्व कप 2026 में 48 टीमें हिस्सा लेंगी

35 | विज्ञान समाचार

37 | महत्वपूर्ण तथ्य संग्रह


## लेख


40 | **आर्थिक लेख**—आर्थिक उदारवाद और सामाजिक विषमता

41 | **पर्यावरण लेख**—गंगा सफाई का बड़ा अभियान

43 | **कैरियर लेख**—कर्मचारी चयन आयोग की मल्टी टास्किंग स्टाफ (नॉन-टेक्निकल) परीक्षा, 2017

44 | **आर्थिक लेख**—यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) : परिचय एवं उपयोगिता

102 | प्रथम पुरस्कृत तार्किक प्रतियोगिता

104 | तार्किक प्रतियोगिता क्रमांक–83 का परिणाम

105 | रोजगार अवसर


## हल प्रश्न-पत्र


45 रेलवे भर्ती बोर्ड (एन.टी.पी.सी.) स्नातक परीक्षा, 2016

70 एस.एस.सी. मल्टी टास्किंग परीक्षा, 2015

81 छत्तीसगढ़ अध्यापक पात्रता परीक्षा, 2016

91 उत्तर प्रदेश विद्युत् सेवा आयोग टेक्नीशियन ग्रेड-2 ट्रेनी इलेक्ट्रिकल परीक्षा, 2016



सर्वाधिकार सुरक्षित, प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के इस मैगजीन का कोई भी भाग न तो पुनरुत्पादित किया जाएगा और न किसी भी रूप में, जैसे–इलेक्ट्रॉनिक, मेकेनीकल, फोटोकॉपीइंग, रिकॉर्डिंग अथवा अन्य प्रकार स्टोर किया जाएगा. हालांकि इस संस्करण में प्रकाशित सूचनाओं के सही होने का हरसम्भव प्रयास किया गया है, फिर भी न तो प्रकाशक व न अन्य कोई कर्मचारी किसी भी त्रुटि अथवा छूट के लिए उत्तरदायी होगा. अस्वीकृत रचनाओं को लेखकों को वापस भेजने के लिए उनके साथ स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा मय उपयुक्त डाक टिकटों के प्राप्त होगा. रचना के देर से पहुँचने अथवा रास्ते में खो जाने की कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाती. पत्रिका में लेखकों द्वारा प्रेषित बयानों, विचारधाराओं तथा प्रकाशित विज्ञापनों की कोई जिम्मेदारी **'सक्सेस मिरर'** की नहीं है.



**सम्पादक** : महेन्द्र जैन

**रजिस्टर्ड ऑफिस** : 2/11-ए, स्वदेशी बीमा नगर, आगरा–2

**सम्पादकीय ऑफिस**
1, स्टेट बैंक कॉलोनी, वन चेतना केन्द्र के सामने
आगरा–मथुरा बाईपास, आगरा–282 005
फोन– 4053333, 2531101, 2530966
फैक्स– (0562) 4053330
ई-मेल: सम्पादकीय: publisher@pdgroup.in
कस्टोमर केयर: care@pdgroup.in

**दिल्ली ऑफिस**
4845, अंसारी रोड, दरियागंज,
नई दिल्ली–110 002
फोन– 011-23251844/66

**पटना ऑफिस**
पारस भवन (प्रथम तल),
खजांची रोड,
पटना– 800 004
फोन– 0612-2673340
मो– 09334137572

**कोलकाता ऑफिस**
28, चौधरी लेन, श्याम बाजार
कोलकाता– 700 004
फोन– 033-25551510
मो– 07439359515

**हैदराबाद ऑफिस**
1-8-1/B, आर. आर. कॉम्प्लेक्स
बाग लिंगमपल्ली, हैदराबाद–500 044
फोन– 040-66753330
मो– 09391487283

**हल्द्वानी ऑफिस**
8-310/1, ए. के. हाउस
हीरानगर, हल्द्वानी,
जिला–नैनीताल– 263 139
(उत्तराखण्ड)
मो– 07060421008

**इन्दौर**
63-64, कैलाश मार्ग,
ग्राउण्ड फ्लोर,
श्रीजी एवेन्यू, मलहारगंज,
इन्दौर– 452 002 (म.प्र.)
फोन– 9203908088

**लखनऊ ऑफिस**
B-33, ब्लंट स्क्वायर, कानपुर
टैक्सी स्टैण्ड लेन, मवइंया,
लखनऊ– 226 004
फोन– 0522-4109080
मो– 09760181118

**नागपुर ऑफिस**
1461, जूनी शुक्रवारी,
सक्करदरा रोड, हनुमान
मन्दिर के सामने,
नागपुर–440 009 (महाराष्ट्र)
फोन– 0712-6564222
मो– 09370877776



# परिवर्तनों को स्वीकारने में जो है तत्पर उसे भला हराने में कौन हो सकेगा सफल ?

—साध्वी वैभवश्री 'आत्मा'

*अक्सर लोग परिवर्तनों को स्वीकारना नहीं चाहते हैं. अपने Comfort Zone को छोड़ना नहीं चाहते हैं और इसी कारण वे बदलती रफ्तार में पिछड़ जाते हैं या घुटने टेक देते हैं. जिन्हें अपने जीवन के प्रत्येक पल को सृजनात्मक, कलात्मक, उपयोगी व सार्थक बनाना है, उन्हें अपने व्यक्तित्व में कई अन्य सद्‌गुणों के साथ इस गुण को भी विकसित करना है कि वे जीवन के जिस भी क्षेत्र में हों, वहाँ हो रहे हर पविर्तन को तुरन्त समझें, भाँपें व तद्‌नुकूल स्वयं को दक्ष व तत्पर बनावें. खुद को किसी भी पल पूर्ण निश्‍चित निढाल न होने दें. हर दिन अपनी योग्यताओं को दक्ष बनाने में तत्पर बने रहें. जिन लोगों ने संगीत के क्षेत्र में एक अच्छा मुकाम बनाया है, उन्हें देखो, वे प्रतिदिन रियाज करते हैं. कई-कई घण्टों तक संगीत साधना करते हैं. जिन लोगों ने धनवानों की अग्रिम पंक्ति में अपना स्थान बनाया है, उन्हें देखिए वे प्रतिदिन साहसिकता भरे निर्णय लेते रहे हैं. अपने आपको जोखिम में डालने से कभी न कतराएं. उन्होंने अपने उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सदा नई तकनीकों को अपनाया. विद्याधरों को सम्मानपूर्वक बुलाया और उनसे नूतन प्रशिक्षण प्राप्त किया, जो लोग पुराने ढर्रे पे चलते रहना पसंद करते रहे, उन्हें एक दिन बहुत पछताना पड़ा है, जो पुराने विश्‍वासों के आधार पर नूतन उपलब्धियाँ चाहते हैं. अक्सर वे अपनी किस्मत को कोसते नजर आते हैं, किन्तु जो लोग दिन-प्रतिदिन प्रत्येक कार्य क्षेत्र में हो रहे छोटे-छोटे परिवर्तनों को भी पहले ही भाँप लेते हैं, वे आने वाले बड़े पविर्तनों में आसानी से स्वयं को समायोजित कर पाते हैं.*

*परिवर्तन जीवन का अपरिवर्तनीय क्रम है Change is the Unchangeable Law of Nature जो लोग समय रहते स्वयं को बदलने के लिए तैयार हो जाते हैं. उन्हें दूरदर्शी होने का भी मौका मिलता है. वे दूर से आ रहे बदलावों के बादलों को भी देख पाते हैं और फिर वे स्वयं को दीर्घकालिक सफलता के सौभाग्य से नवाज़ पाते हैं.*

*एक कम्पनी जो एन्साइक्लोपीडिया के सेंट बेचा करती थी. एक प्रज्ञावान आदमी ने कम्पनी के मालिक को सलाह दी कि 'क्यों न वे पूरे एन्साइक्लोपीडिया को एक कम्प्यूटर डिस्क में भर दें और फिर उसे कम कीमत में बेचें, इससे वे बहुत ज्यादा लोगों तक अपना माल बेच पाएंगे और उसकी लागत भी उन्हें कम आएगी, किन्तु कम्पनी मालिक ने इस बात को सिरे से नकार दिया, क्योंकि उसे अपने विशाल बिक्री संगठन पर भरोसा था, जो लोगों से घर-घर जाकर मिलता था और ब्रिक्री के अनुसार कमीशन पाया करता था, किन्तु कुछ ही महीनों बाद कम्पनी के मालिक को बहुत भारी नुकसान का सामना करना पड़ा, क्योंकि उनके किसी अन्य प्रतियोगी ने अपनी फर्म का इन्साइक्लोपीडिया कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग के अनुरूप तैयार करवा लिया था और लोगों ने बड़ी-बड़ी पुस्तकें खरीद कर घर में रखना लगभग अस्वीकार कर दिया था.*